आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.12.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- फिट इंडिया के तहत केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया कल नई दिल्ली में 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार' हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत करेंगे।
- उन्नीस सौ इकहत्तर के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है।
- क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक कृषि केन्द्र भुवनेश्वर के सहयोग से आज पी जी एस प्रमाणीकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- कैम्पबेल बे पुलिस ने श्री कृष्ण मंदिर में चोरी के मामले को सुलझा लिया है।
- द्वीपसमूह के कई भागों में भारी वर्षा हुई।

<><><><><><><>

फिट इंडिया के तहत केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया कल नई दिल्ली में 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार' हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत करेंगे। इस पहल के अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा श्री विजयपुरम में साइकिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें द्वीपों के प्रसिद्ध साइकिल चालक डेबोराह हेरोल्ड, एन. निकिता, बॉबी थापा अन्य साइकिल चालकों के साथ वेलोड्रोम क्षेत्र से फ्लैग प्वाइंट तक स्वास्थ्य और फिटनेस की भावना को बढ़ावा देते साइकिल रैली का नेतृत्व करेंगे। श्री विजयपुरम में यह कार्यक्रम साइक्लिंग को परिवहन के स्थायी साधन और व्यायाम के रूप में बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान में युवा मामले और खेल मंत्रालय, साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, माई भारत, साई क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों, खेलो इंडिया केंद्रों, खेल प्रशिक्षण केंद्रों और जिला प्रशासन के सहयोग से इन आयोजनों की अगुआई कर रहा है। 'फिट इंडिया साइक्लिग मंगलवार' पहल कल भारत भर में एक हजार से अधिक स्थानों पर एक साथ शुरू होगी, जिसमें विभिन्न साई क्षेत्रीय केंद्रों पर कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत के बाद से हर मंगलवार को देश भर में साइकिलिंग कार्यक्रम जारी रहेंगे।

<><><><><><><>

उन्नीस सौ इकहत्तर के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है। युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है। उन्नीस सौ इकहत्तर में इसी दिन पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल ए खान नियाजी ने तिरानब्बे हजार सैनिकों के साथ भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के सामने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था। युद्ध की समाप्ति के बाद पूर्वी पाकिस्तान का उदय बांग्लादेश के रूप में हुआ। विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज उन्नीस सौ इकहत्तर के युद्ध के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक कृषि केन्द्र भुवनेश्वर के सहयोग से कृषि निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आज पी जी एस प्रमाणीकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक रमेश कुमार ने द्वीपसमूह में परंपरागत कृषि विकास योजना के बारे में बताते हुए किसानों को जैविक कृषि में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया। आर सी ओ एन एफ भुवनेश्वर के क्षेत्रीय निदेशक जगत सिंह ने कहा कि पी जी एस प्रमाणीकरण कार्यक्रम के जरिए जैविक खेती के मानकों को बढ़ावा देते हुए पी जी एस प्रमाणीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।
इस अवसर पर आर सी ओ एन एफ के सहायक निदेशक एस आर इंग्ले ने बागवानी फसलों पर अधिक जोर देने और जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रमाणीकरण के आवेदन, महत्व और कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे पुलिस ने श्री कृष्ण मंदिर में चोरी के मामले को सुलझा लिया है। कैम्पबेल बे पुलिस को मंदिर में चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक वी के मौर्या के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सी सी टी वी फुटेज की जांच की और दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया और एस बी आई बैंक के नजदीक बने बैरक में रहने वाले मुख्य भूमि का निवासी विनोद साह को को गिरफ्तार किया और चोरी का समान भी बरामद कर लिया। इस पूरे मामले को निकोबार ज़िला पुलिस अधीक्षक सन्नी गुप्ता की निगरानी में अंजाम दिया गया।

<><><><><><><>

महान तबला वादक जाकिर हुसैन का कल रात अमरीका में निधन हो गया। वह तिहत्तर वर्ष के थे। छह दशकों के करियर में, उन्होंने विश्व स्तर पर पाँच ग्रैमी पुरस्कार जीते, जिनमें से तीन इस साल की शुरुआत में छियासठवें ग्रैमी पुरस्कार में जीते। उस्ताद हुसैन को उन्नीस सौ अट्ठास्सी में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म श्री, दो हजार दो में पद्म भूषण और दो हजार तेईस में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

उधर, द्वीपों के जाने—माने कारोबारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हरि नारायण अरोड़ा का कल निधन हो गया। वे सत्तानब्बे वर्ष के थे। इनके निधन पर सांसद बिष्णु पद रे, पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली, हिन्दी साहित्य कला परिषद के सदस्य, समाज कल्याण विभाग की पूर्व अध्यक्षा शांता सिंह, अंडमान निकोबार विद्युत श्रमिक संघ सहित अन्य संगठनों और संघों ने शोक प्रकट किया है। शव यात्रा कल दिन में डेढ़ बजे आर जी टी रोड स्थित उनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

जी.बी. पंत अस्पताल दो दिवसीय सुपर स्पेशलिस्ट परामर्श शिविर आयोजन किया गया। यह पहल अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के निवासियों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गुरू की रसोई और स्टार क्योर की ओर से ग्लेनीगल्स अस्पताल, चेन्नई; के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान, कार्डियोलॉजी डॉ. गुरु प्रसाद सोगुनुरु, नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख और वरिष्ठ सलाहकार डॉ. वी. बालारामन ने मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान की।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में बहुत भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इस क्षेत्र में एक सौ सोलह दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। लांग आइलैंड में छप्पन दशमलव चार, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में तेईस, कार निकोबार में इक्कीस, मायाबंदर में बारह, ननकौड़ी में सात, हटबे में दो दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा हुई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>